

## एक नजर में

### एक दिन शिव पुराणकथा सुनने से सौ कथा का पुण्य प्राप्त होता है : ललित महाराज



**बुरहानपुर।** श्री शिव महा पुराण कथा स्थल प्रतापपुरा में व्यासपीठ से कथाकार वक्ता ललित कानूनों महाराज जी ने कहा कि एक दिन शिव पुराणकथा सुनने से सौ कथा का पुण्य प्राप्त होता है । आपने कहा कि यह कथा अधिक मास में हो रही है , भगवान को आप अपना बना लो ,आप उनके ऊपर अपना भार सौंप दो। आपके जीवने। मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। कथा में बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित हुए। द्वितीय दिवस कथा वाचक पंडित ललित कानूगो महाराज ने व्यासपीठ से बताया कि हर मंत्र में समाहित है इसमें सभी मंत्रों का सार है। शिव रूप बिंदुस्वरूप है यह परमार्थ का स्वरूप है।शिव माता भी है और पिता भी शिव के पार्थिव शिवलिंग की पूजा पुरुष और स्त्री दोनो कर सकते हैभगवान के पांच अनुग्रह है पर सभी लोग पांचवे को भूल गए।आज लोग शिव के नाम पशुपतिनाथ को भूल गए और पशु हत्या कर मांस खा रहे है इनका पाप का घड़ा एक दिन भर जाएंगा तो शिव इनको ऊपर बुलायेगा और उसमें इनके साथ में बिना स्वर्ग के मूकदर्शक बने रहे हम भी पीस जाएंगे।

### गायत्री शक्तिपीठ बुरहानपुर में जिला स्तरीय शताब्दी संकल्प अनुयाज कार्यशाला



**बुरहानपुर।** स्थानीय संजय नगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ शिकारपुरा पुलिस थाने के सामने में जिला स्तरीय प्रशिक्षण ष्शताब्दी संकल्प अनुयाज कार्यशाला उपजोन ओंकारेश्वर का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। इस एक दिवसीय कार्यशाला में जिले के प्रज्ञा परीजनोंए तहसील समन्वयकों और प्रज्ञा संस्थान के कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर भावी योजनाओं का संकल्प लिया।कार्यशाला की शुरुआत सुबह मातृ वंदना एवं मुख्य अतिथि उपजोंन समन्वयक द्वारा दीप प्रज्वलन, देवपूजन किया गया जिला प्रतिवेदन नारायण पाटिल और सुरेश चौधरी ने प्रस्तुत किया।महत्वपूर्ण सत्र और प्रबुद्ध वक्ताओं का मार्गदर्शनदिनभर चले विभिन्न वैचारिक एवं रचनात्मक सत्रों में संगठन की मजबूती और सामाजिक सुधार पर गहन मंथन किया गया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य एवं आंतरिक.बाह्य गतिविधियांरू मुख्य वक्ता श्री पन्नालाल जी बिड़ला ने कार्यकर्ताओं को प्रज्ञा संस्थान की आंतरिक व बाह्य गतिविधियों से अवगत कराते हुए प्रशिक्षण के मूल उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।कानूनी जानकारी एवं अर्थ अनुशासनरू श्री कालुसिंह जी सोलंकी ने कार्यक्रमों के सफ्ल संचालन के लिए विधिक नियमों और वित्तीय अनुशासन ;अर्थ अनुशासनद्ध के महत्व को समझाया।उन्होंने द्वितीय सत्र में साधना, स्वाध्याय और मंडल निर्माण के स्वरूप पर भी मार्गदर्शन दिया।

युवा जोड़ो अभियान और पर्यावरण संरक्षणरू सुप्रसिद्ध वक्ता श्री डॉ.सोहन जी गुर्जर ने युवा जोड़ो अभियान के तहत युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने, पर्यावरण व जल संरक्षण तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने पर बल दिया।इसके साथ ही उन्होंने साहित्य विस्तार, नशा व्यसन मुक्ति और कुरीति उन्मूलन के माध्यम से श्आदर्श ग्रामश् बनाने का खाका खींचा।

शिक्षा,बाल संस्कार और नारी जागरण:-श्री केशरीलाल जी पटेल ने शिक्षा एवं बाल संस्कारशाला के माध्यम से बच्चों में नैतिक मूल्यों के विकास पर बात की। वहीं जयश्री जीजी ने नारी जागरण . आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी सत्र में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित किया। समीक्षा और संकल्प के साथ समापन:-दोपहर के भोजन अवकाश और प्रज्ञागीत के बादए दोपहर के सत्रों में तहसील समन्वयकों द्वारा अपने.अपने क्षेत्रों का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में श्री पन्नालाल जी बिर्ला ने पाथेय एवं रिकॉर्ड रिपोर्टिंग के विषय में महत्वपूर्ण दिशा.निर्देश दिए।कार्यशाला के समापन पर सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने युग निर्माण एवं सत्संकल्प की शपथ ली। आभार प्रदर्शन और विश्व शांति के लिए शांति पाठ के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। विदाई के अवसर पर सभी को प्रज्ञापेय हर्बल चाय का वितरण किया गया।

### वेस्टेज पानी की बर्बादी रोकने के लिए अवैध नल कनेक्शनों के खिलाफ नगर निगम का अभियान शुरू




**बुरहानपुर।** नगर निगम बुरहानपुर द्वारा अवैध व बर्बाद ;वेस्टेज पानी के कनेक्शन काटने के सख्त निर्देश दिए गए है जल संकट को देखते हुए, निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने एम आई सी हॉल में निगम की जल विभाग की बैठकों में यह निर्णय लिया गया है कि बिना अनुमति और टैक्स दिए पानी का दुरुपयोग करने वाले अवैध कनेक्शनों को तुरंत बंद किया जाएगा।

आयुक्त ने दिशा.निर्देश और कार्रवाई करने अवैध कनेक्शन पर सख्तीरू जल कर्मचारियों की बैठकों में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जो लोग बिना मीटर या बिना वैध कनेक्शन के पाइप लगाकर पानी बहा रहे हैंए उनके नलों को तुरंत काटा जाए।

वेस्टेज और अवैध कनेक्शन पाए जाने पर न केवल कनेक्शन तोड़े जा रहे हैं, बल्कि नियमों के उल्लंघनकर्ताओं पर स्पॉट फाइन ;जुर्माना भी लगाया जा रहा है गर्मियों में पानी की बढ़ती मांग और जल स्तर में गिरावट के बीच सभी वैध उपभोक्ताओं को पर्याप्त और समान जल आपूर्ति सुनिश्चित करना। गहराते जल संकट को देखते हुए नगर निगम ने जल विभाग की बैठकों में पानी की बर्बादी रोकने के सख्त निर्देश दिए हैं। जिन अवैध,क्षतिग्रस्त या मोटर लगाकर सीधे खींचे जाने वाले नल कनेक्शनों से पानी की बर्बादी हो रही हैए उन्हें काटने और भारी जुर्माना लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

जिन घरों में नल खुले रहते हैं या पाइपलाइन टूटी होने से पानी बहता हैए उन्हें तत्काल बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। निगम प्रशासन ने अवैध और बिना अनुमति वाले नल कनेक्शन काटने के लिए अभियान तेज कर दिए हैं। वैध नलों में अवैध तरीके से पानी खींचने वाली मोटर लगाने वालों पर भी कार्रवाई की जा जायेगी।

नगर निगम टीम से संपर्क करने या अपने क्षेत्र में पानी की बर्बादी की शिकायत दर्ज करा सकते है। इस अवसर पर आयुक्त संदीप श्रीवास्तव सहायक यंत्री अशोक पाटिल उप यंत्री सुनील चौहान के राहुल पवार,सुरेश डोडीयार ,संतोष सुखदाने जे एम सी कंपनी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# राजयोग मेडिटेशन मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाता है : प्रो . ई . वी गिरिश

**वाह जिंदगी वाह में गिरीश भाई ने जो कहा उसे ध्यान से पढ़े ।**






**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** पांच दिवसीय शिविर के दूसरे दिन प्रो.ई. वी.गिरीश, मुंबई प्रख्यात मोटिवेशनल स्पीकर, लाइफ कोच एवं कॉरपोरेट ट्रेनर ने विशाल जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि टेंशन का स्विच ऑफसुख शांति एवं आनंद से जीवन जी सकते है।उन्होंने आगे कहा कि . टेंशन का एक कारण है कि हम सत्य के आधार पर जीवन नहीं जीते हैं।

**सत्यता के दो मूल आधार हैं:-** सत्य जो होता है वो अविनाशी होता है।सत्य एक होता है,दो नहीं हो सकते। जब तक हम सत्य को स्वीकार नहीं करते, तब तक जीवन में टेंशन होते हैं। उदाहरण मृत्यु,मृत्यु सत्य है। यह एक अटल सत्य है। संसार में कोई भी व्यक्ति आज तक सदा के लिए जीवित नहीं रहा, उसे शरीर छोड़ना ही पड़ता है। जब तक हम इस अटल सत्य को स्वीकार नहीं करते, तब तक जीवन जीते हुए मृत्यु के भय से घबराते रहेंगे। इससे जीवन जीने की क्वालिटी घटती जायेगी।इसके विपरीत अगर हम अपने आप को देह छोड़ एक आत्मा समझेंगे जो कि एक अविनाशी सत्य है, जो कभी नहीं मरती।

तो स्वाभाविक मृत्यु का भय दूर हो। जीवन को शांती से, प्रेम से, टेंशन फ्री होकर जी पायेंगे। जीवन में टेंशन अनुभव करना भी साकार में अज्ञानता है।ऐसा समझा जाता है, कि टेंशन का कारण धन का अभाव, संबंधों में अपेक्षाएं, स्वास्थ्य, बाह्य जगत में होने वाली घटनाएँ और अनेक बातें हो सकती हैं।

लेकिन मूल कारण है कि मनुष्य किस प्रकार बाहर की परिस्थितियों का सामना करता है। अर्थात् तनाव का कारण कोई व्यक्ति या परिस्थिति नहीं है बल्कि स्वयं की कमजोरी है। अगर व्यक्ति आत्मबल और मनोबल को बढ़ाए तो वो जीवन की हर परिस्थिति को टेंशन फ्री होकर के सामना कर सकता है। खुश रहना या टेंशन से परेशान रहना यह व्यक्ति के हाथ में है। हमारे पास हर परिस्थिति में एक चॉइस होती है, रिएक्ट करना या रिस्पॉन्ड करना।

राजयोग मेडिटेशन मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाता है। आंतरीक शक्तियों और गुणों की वृद्धी कर समय अनुसार उसकी उपयोग व्यावहारिक जीवन में कर के विषम से विषम परिस्थितियों में भी अपने मन और भावनाओं पर सम्पूर्ण नियंत्रण रख जीवन को शांती, सुख, आनंद से व्यतीत कर सकता है।

कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताए पूर्व प्रदेश महामंत्री श्री अजय सिंह रघुवंशी ने उनका सम्मान कर कहा कि गिरीश भाई के सानिध्य में हुए सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह ने मुझे जीवन जीने की नई दिशा प्रदान की है।

उन्होंने ने बार बार बुरहानपुर आकर नगर वासियों को सुख शांति एवं आनंद के परिपूर्ण जीवन बिताने के लिए प्रेरित करने का आग्रह भी भाई जी से किया। कार्यक्रम का संचालन स्वाति दीदी ने किया इस अवसर पर मंगला दीदी एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे ।

## संगीत साधना संस्था द्वारा गजल सम्राट पंकज उदास को याद किया

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** पूरे प्रदेश में एक ऐसी संस्था जो सभी गायक कलाकारों की जन्म जयंती एवं मुन्यतिथि मनाती हैं, इसी क्रम में कल विश्व प्रसिद्ध पद्म श्री गजल सम्राट पंकज उदास जी की जन्म जयंती संस्था द्वारा मनाई गई। संस्था अध्यक्ष विलास गोसावी ने बताया कि इस अवसर पर संस्था के होनहार गायक कलाकारों ने शानदार एक से बढ़कर एक गजल की प्रस्तुति देकर श्रोताओं का मन जीत लिया। कार्यक्रम संगीत साधना एवं साहित्य सोसायटी कार्यालय शिकारपुरा में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष सैयद शकील मुन्ना,सचिव रवि पांडे,वरिष्ठ सदस्य दिलीप जोशी,पूनमचंद पांडे ,ठाकुर वीरेंद्र सिंह चित्रकार,मधुकर वाघले कैलाश चानदोलकर,जयश्री चंदोलकर ,प्रशांत पांवड़े जितेंद्र भावसार ,दिलीप कटियार,प्रमोद मोदी,दिलीप सिर तुरे,संजय मेन,सुनीता सिरतूरे,प्रकाश मुंशी,भगवानदास शाह,शैलेन्द्र कपूर, डॉक्टर दीपक देवरे,डॉ प्रकाश पाटिल,नीलेश महाजन,सनी आदमनें, भास्कर चालसे, जिकेश मगरे,हरीश राठौर,अश्विन सोनरीश, पुंडलिक बोदडे,वासुदेव चौधरी, प्रकाश बर्वे, जगदीश गुप्ता एवं सभी सदस्यों ने कार्यक्रम का लाभ लिया।



## पासपोर्ट कार्यालय के भूमि पूजन के समय जो संकल्प लिया था उसे पूरा किया : सांसद

**2 वर्षों में 13,284 पासपोर्ट बनाकर निमाड़ बना नई सुविधाओं का केंद्र।**



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** कभी पासपोर्ट बनवाने के लिए इंदौर और भोपाल के चक्कर लगाने को मजबूर रहने वाले निमाड़ अंचल के लोगों के लिए आज खंडवा पासपोर्ट कार्यालय बड़ी राहत और गौरव का केंद्र बन चुका है। खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील के सतत प्रयासों से प्रारंभ हुए इस पासपोर्ट कार्यालय ने मात्र दो वर्षों में 13,284 पासपोर्ट बनाकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

इस उपलब्धि ने साबित कर दिया है कि यदि जनप्रतिनिधि संकल्प के साथ कार्य करें तो क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली जा सकती हैं। उल्लेखनीय हैं कि बुरहानपुर, खंडवा,खरगोन सहित आसपास के लोगो को अब पासपोर्ट के लिए बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ रही है। समयए धन और परेशानी तीनों से लोगों को बड़ी राहत मिली है।

**युवाओं के लिए भी बड़ी सौगात:-** सांसद पाटील ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में नागरिक सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई यात्रा करेगा प्रधानमंत्री जी की इसी सोच को साकार करने की दिशा में खंडवा का पासपोर्ट कार्यालय मील का पत्थर साबित हुआ है। अब निमाड़ का युवा विदेशों में शिक्षा, रोजगार और व्यापार के नए अवसरों तक आसानी से पहुंच बना रहा है।

**सांसद ने लिया था संकल्प:-** सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने पासपोर्ट कार्यालय के भूमि पूजन के समय जो संकल्प लिया था, उसे कुछ ही महीनों में पूरा कर दिखाया। भूमि पूजन से लेकर लोकार्पण तक सांसद पाटील लगातार केंद्र सरकार के संपर्क में रहे और परिणामस्वरूप खंडवा को यह बहुप्रतीक्षित सौगात मिली थी। सांसद के प्रयासों से क्षेत्र में विकास कार्यों की लगातार नई श्रृंखला जुड़ रही है। रेलवे स्टेशन का विस्तार, नई रेलगाड़ियों के ठहराव,नई रेल सेवाएं, सड़क परियोजनाएं तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं ने निमाड़ क्षेत्र को विकास की नई पहचान दी हैऔर अब सफलतापूर्वक संचालित हो रहा पासपोर्ट कार्यालय क्षेत्र के विकास की नई कहानी लिख रहा है। निमाड़ के नागरिकों का कहना है कि पहले पासपोर्ट बनवाना कठिन और खर्चीला कार्य माना जाता था, लेकिन अब खंडवा में ही सारी प्रक्रिया पूरी होने से आमजन को बड़ी सुविधा मिल रही है। विशेष रूप से विद्यार्थियों, व्यापारियों और रोजगार के लिए विदेश जाने वाले युवाओं को अधिक लाभ मिला है।

**यह केवल एक आंकड़ा नहीं:-** सांसद ने कहा कि खंडवा पासपोर्ट कार्यालय की यह सफलता केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि निमाड़ क्षेत्र के बदलते भविष्य और विकास की नई दिशा का प्रतीक बन चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व,मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की विकासपरक सोच से निमाड़ आज तेजी से प्रगति के नए अध्याय लिख रहा है।

## ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने मरीज के पेट से निकाला 7 किलो का दुर्लभ ट्यूमर



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट चिकित्सा विशेषज्ञता का परिचय देते हुए एक बेहद जटिल और संवेदनशील ऑपरेशन को सफ्लतापूर्वक अंजाम दिया है। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने 61 वर्षीय मरीज के पेट से निकाला 7 किलो का दुर्लभ ट्यूमर और बचाई किडनी। अस्पताल की अनुभवी सर्जिकल टीम ने एक 61 वर्षीय बुजुर्ग के पेट से लगभग 7 किलोग्राम वज़न का विशालकाय और दुर्लभ श्रेट्रोपैरिटोनियल ट्यूमर निकालकर उन्हें नया जीवन दिया है। सबसे खास बात यह रही कि डॉक्टरों ने ट्यूमर से घिरे तीन मुख्य अंगोंकृ किडनी, प्लीहा और अग्न्याशय को पूरी तरह सुरक्षित बचा लिया।

मरीज पिछले 4 वर्षों से पेट में बढ़ती हुई एक विशाल गांठ के साथ जीने को मजबूर था। हाल के दिनों में दर्द इतना असहनीय हो गया था कि उनका उठना.बैठना और रोज़मर्रा के सामान्य काम करना भी दूभर हो गया था। परिजनों ने उन्हें ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल में दिखाया। जहाँ डॉक्टरों ने तुरंत मरीज की स्थिति को गंभीरता से लिया।जब मरीज का सीटी स्कैन किया गया। तो रिपोर्ट देखकर डॉक्टर भी हैरान रह गए।मरीज के पेट में करीब 26 बाय 23 बाय 20 सेंटीमीटर आकार का एक विशाल ट्यूमर विकसित हो चुका था।इस ट्यूमर का वज़न लगभग 7 किलो था और यह पूरे पेट में फैल चुका था।इसके दबाव के कारण मरीज की आंतें पूरी तरह से दाईं तरफखिसक गई थीं। यह सर्जरी चिकित्सा विज्ञान के लिहाज से बेहद चुनौतीपूर्ण थी। इस ट्यूमर ने मरीज की बाईं किडनी को पूरी तरह से अपनी जकड़ में ले लिया था। इसके अलावा यह प्लीहा और अग्न्याशय से भी बुरी तरह चिपका हुआ था।जरा सी चूक से अंगों को भारी नुकसान पहुँच सकता था।

इस मुश्किल परिस्थिति को ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल की अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने एक चुनौती की तरह लिया। घंटों चली इस बेहद जटिल सर्जरी में डॉक्टरों ने सूझबूझ और आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया। डॉक्टरों की टीम ने न सिर्फ उस विशालकाय ट्यूमर को शरीर से सफ्लतापूर्वक बाहर निकालाए बल्कि उससे जकड़े हुए तीनों महत्वपूर्ण अंगोंकृ किडनीए स्प्लीन और पैनक्रियाज को बिना कोई नुकसान पहुँचा। पूरी तरह सुरक्षित बचा लिया।

इस सफ्ल और ऐतिहासिक ऑपरेशन को अंजाम देने वाली टीम में मुख्य रूप से शामिल रहेरू डॉ.गौरव सिंह परदेसी ,जनरल सर्जरी, कंसलटेंट जनरल एवं मिनिमल एक्सेस सर्जरी और डॉ.दीपक के.भोजवानी जनरल सर्जरी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, कंसलटेंट ऑन्कोलॉजिस्ट अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, सफ्ल ऑपरेशन के बाद मरीज अब पूरी तरह स्टेबल ,स्थिर और स्वस्थ है। वह सालों पुराने असहनीय दर्द से पूरी तरह आज़ाद हो चुका है और अपने परिवार के साथ एक खुशहाल जीवन की ओर लौट रहा है। मरीज के परिजनों ने ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल की टीम और डॉक्टरों के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है।

## पूजनीय गोपाल कृष्ण महाराज जी का सम्मान



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर ।** जिले मे गणेश स्कूल परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह के दौरान उज्जैन से पधारे परम पूजनीय गोपाल कृष्ण महाराज जी का अखिल भारत हिन्दू महासभा के सदस्यों द्वारा शाल.श्रीफ्ल भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया ।इस अवसर पर सदस्यों ने महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त कर कथा श्रवण का लाभ लिया।


कथा के दौरान भक्तिमय वातावरण में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे संतसभा जिला उपाध्यक्ष बापू महाराज ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक चेतना, संस्कार एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर हिन्दू महासभा से राष्ट्रीय संगठन मंत्री ओम आज़ाद,अधिवक्ता शैलेश जी निभोरे, संभाग अध्यक्ष पंकज जी जेन, जिला महामंत्री मुकेश डालमिया, जिला संत उपाध्यक्ष बापू महाराज, नीलेश जी जैसवाल जिला सगठन मंत्री ,योगेश जी एवं अन्य हिन्दू महासभाई उपस्थित थे।

**एक नजर**

**फर्जी इंजीनियर बननकर मोबाइल टावरों को निशाना बनाने वाले 02 आरोपी गिरफ्तार.....**

# मोबाइल टावर केबल चोरी करने वाले हाईटेक, गिरोह का पर्दाफाश किया







**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर / नेपानगर ।** पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के कुशल निर्देशनए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश तथा एसडीओपी नेपानगर निर्भय सिंह अलावा के मार्गदर्शन में बुरहानपुर पुलिस ने संपत्ति संबंधी अपराधों के खिलाफ बड़ी सफ्लता अर्जित की है। पुलिस टीम ने तत्परता का परिचय देते हुए दूरसंचार टावरों से कीमती केबल उड़ाने वाले एक हाईटेक अंतर.जिला गिरोह का भंडाफोड़ किया है।पुलिस ने महज 24 घंटों के भीतर गिरोह के दो मुख्य सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ?1ए29ए200 मूल्य की चोरी की तांबा केबल और वारदात में प्रयुक्त आधुनिक उपकरण बरामद करने में सफ्लता हासिल की है।

घटना का विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 17 मई 2026 को फ्रियादी लतेन्द्र बिल्लोरे ;उम्र 42 वर्ष निवासी डाकवाडी बुरहानपुर,जो बीएस एनएल कंपनी में जेटीओ ;श्रज्व्द्ध के पद पर कार्यरत हैं और जिले में मोबाइल नेटवर्क मेंटेनेंस का कार्य देखते हैंए ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 16 मई 2026 की शाम करीब 6रू00 बजेए अज्ञात चोरों ने ग्राम सीवल स्थित बीएसएनएल टावर से करीब ?1ए50ए000 मूल्य की 200 मीटर लंबी कीमती तांबे की कोर वाली केबल वायर काट ली और चोरी कर ले गए। फ्रियादी की रिपोर्ट पर थाना नेपानगर पुलिस ने तत्काल अपराध क्रमांक 147/2026, धारा 303 ;2 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला पंजीकृत कर विवेचना में लिया। अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने अपने मुखबिर तंत्र और सर्विलांस को सक्रिय किया। इसी बीच पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि खंडवा पासिंग की एक संदिग्ध बलेनो कार में चार व्यक्ति आए थे, जिनमें से दो व्यक्ति अत्यंत पेशेवर तरीके से 60 फीट ऊंचे टावर पर चढ़े और केबल काटकर नीचे गिरा दी।

पुलिस टीम तत्काल रवाना होकर संदिग्ध की तलाश करते हुए मुखबीर सूचना पर घेराबंदी कर दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। कड़ी पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। मुख्य आरोपी दिलीप चौधरी ने बताया कि वह पूर्व में धार जिले में एयरटेल कंपनी के टावरों पर पावर मेंटेनेंस का कार्य करता था, जिससे उसे टावर की तकनीकी बारीकियों और केबल की कीमत का पूरा अंदाजा था।नौकरी छोड़ने के बाद उसने अपने अन्य साथियोंकृयशवंत राजपूत,रतन मीणा और आशुतोष मीणा के साथ मिलकर खंडवा में एक किरा, का कमरा लिया और चोरी का यह संगठित गिरोह बना लिया।

आरोपियों द्वारा दिन में बकायदा लैपटॉप और आईडी कार्ड पहनकर टावरों की तस्वीरें खींचते और रैकी करते थे ताकि लोगों को लगे कि कोई आधिकारिक मेंटेनेंस कार्य चल रहा है। 16 मई को भी वे दोपहर सीवल पहुंचेए औजारों से भरे बैग निकाले और आशुतोष व रतन ने 60 फीट की ऊंचाई पर चढ़कर कटर से केबल काटकर नीचे गिरा दी,जिसे छोटे टुकड़ों में काटकर बोरियों में भर कार से फ्रार हो गए।

नेपानगर पुलिस की इस त्वरित कार्यवाही के परिणामस्वरूप दो शातिर आरोपियों आशुतोष पिता राजेन्द्र मीणा उम्र 27 वर्ष, निवासी खंडवा एवं दिलीप पिता रामकृष्ण चौधरी उम्र 37 वर्ष, निवासी हरदा, हाल मुकाम खंडवा को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके पास से 1,29,200 की केबल और वारदात में प्रयुक्त आरी कटर,चाकू,प्लायर,टाई पैकेट व छोटे.बड़े पाने.पेंचकस जब्त किए गए हैं। मामले के दो अन्य आरोपी यशवंत राजपूत और 'रतन मीणा फिलहाल फरार हैं,जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। उनसे वारदात में प्रयुक्त बलेनो कार और शेष सामग्री बरामद की जानी है।

**गिरफ्तार आरोपी:-**आशुतोष पिता राजेन्द्र मीणा उम्र 27 वष, निवासी खंडवा, दिलीप पिता रामकृष्ण चौधरी उम्र 37 वर्ष, निवासी हरदा।

**फरार आरोपी:-**यशवंत राजपूत ,रतन मीणा।

**सराहनीय योगदान:-** थाना प्रभारी नेपानगर ज्ञानु जायसवाल, सउनि सुरज सिंह मौर्य प्रधान आरक्षक हिम्मत सिंह,आरक्षक गजेन्द्र रावत, पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम को पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की गई है।

### अवैध अंतर्राज्यीय गोवंश तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई

**बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के कुशल निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल मार्गदर्शन में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गणपति नाका थाना पुलिस ने त्वरित कार्यवाही को अंजाम दिया है। पुलिस टीम ने सटीक मुखबिरी के आधार पर इंदौर.इच्छापुर हाईवे पर घेराबंदी कर महाराष्ट्र की ओर वध हेतु ले जा रहे अवैध गोवंश से भरे एक वाहन को सफलतापूर्वक जब्त किया है। इस सजग कार्यवाही के दौरान पुलिस ने न केवल क्रुरता के शिकार हो रहे 5 मूक पशुओं की जान बचाईए बल्कि मौके से दो अंतर्राज्यीय तस्करों को दबोचने में भी बड़ी सफ्लता हासिल की है।थाना गणपति नाका की पुलिस टीम अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु क्षेत्र भ्रमण पर थी।सुबह गोकुल मिडवे के समीप पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से एक अत्यंत महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हुई।सूचना में बताया गया कि इंदौर.इच्छापुर हाईवे के रास्ते एक नीले.आसमानी रंग का अशोक लीलैंड छोटा हाथी वाहन,क्रमांक एमएच 41 एसी 3876, जो पूरी तरह से तिरपाल से ढका हुआ है,उसमें गोवंश को अत्यंत क्रूरतापूर्वक भरकर बांधकर वध करने के उद्देश्य से महाराष्ट्र की ओर ले जाया जा रहा है।

थाने के ठीक सामने इंदौर.इच्छापुर रोड पर हमराह पुलिस बल और पंचों के सहयोग से तत्काल एक मजबूत नाकेबंदी की गई। कुछ ही समय पश्चात मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए का संदिग्ध वाहन तेजी से आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम ने सूझबूझ और तत्परता का परिचय देते हुए वाहन को घेरकर रुकवाया।वाहन रुकते ही उसमें सवार दो व्यक्ति पुलिस बल को देखकर भागने का प्रयास करने लगे, किंतु पहले से ही मुस्तैद घेराबंदी के कारण पुलिस जवानों ने उन्हें मौके पर ही धर दबोचा। पूछताछ में वाहन चालक ने अपना नाम विष्णु पिता सुखदेव सोनवने उम्र 38 वर्ष,निवासी जालना,महाराष्ट्र तथा बाजू में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अनिल पिता महीपत दनके उम्र 35 वर्ष, निवासी संभाजी नगर,महाराष्ट्र बताया, जिन्होंने खुद को गोवंश का मालिक होना स्वीकार किया।वाहन के भीतर 03 नग गाय और 02 नग बछड़े ठूंस.ठूंस कर भरे हुए थे, जिनके पैर रस्सियों से अत्यंत क्रुरतापूर्वक बंधे हुए थे। आरोपियों का यह कृत्य म.प्र.गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 9 एवं श्पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 घ के तहत गंभीर दंडनीय अपराध पाए जाने पर, थाना गणपति नाका में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 116/2026 का पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया है।